दूरभाष–2286709
2286711
राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0 लखनऊ
नवचेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ– 226001

अति महत्वपूर्ण/शीर्ष प्राथमिकता

पत्रांकः–4239/64/दस/आसरा/विविध–5 दिनांक–02/12/2016

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0 ।

विषयः– **शहरी गरीबों के लिये अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में आसरा योजना के आवास आंवटन के संबंध में।**

महोदय,

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012–13 से शहरी क्षेत्रों के अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में कम लागत के रिहायशी मकान चयनित पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराने हेतु आसरा योजना आरम्भ की गयी है। योजना के लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया शासनादेश संख्या–33/69–1–13–14(31)/2012टीसी(सी) दिनांक 16.01.2013 में दिया गया है। इस सम्बन्ध में निदेशक सूडा द्वारा निदेशालय के पत्र संख्या–3967/64/दस/आसरा/विविध–V दिनांक 21.11.2016 द्वारा आसरा योजना के अन्तर्गत निर्मित ऐसे आवास जो पूर्ण हो चुके है या 80 प्रतिशत से अधिक पूर्ण है, ऐसे आवासों के आवंटन हेतु आपसे अनुरोध किया गया था, परन्तु अभी तक किसी भी जनपद से आवंटित आवासों के लाभार्थियों की सूची प्राप्त नहीं हो सकी है। मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार एवं मा0 मंत्री नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग द्वारा वृहत कार्यक्रम के माध्यम से दिसम्बर के द्वितीय सप्ताह में लाभार्थियों को आवंटन पत्र वितरित किया जाना प्रस्तावित है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आसरा योजना के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों की सूची प्रत्येक दशा में दिनांक 08.12.2016 के पूर्व ई–मेल के माध्यम से व हार्ड कापी में सूडा मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब शासन स्तर से गम्भीरता से लिया जायेगा।

भवदीय,
02/12/2016
(श्रीप्रकाश सिहं)
सचिव

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।
प्रतिलिपिः–

1. समस्त मण्डलायुक्त को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन हेतु अनुश्रवण करने का कष्ट करें।
2. निदेशक सूडा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि संकलित सूची दिनांक 08.12.2016 को सायंकाल तक प्रस्तुत करें।
3. समस्त परियोजना निदेशक डूडा, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
4. समस्त परियोजना अधिकारी डूडा, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
5. श्री योगेश आदित्य, सहा0 परि0 अधि0/बेव मास्टर सूडा लखनऊ।

(श्रीप्रकाश सिहं)
सचिव